ULKDTFF

**संकलित परीक्षा - II (2015-2016)**

**हिन्दी 'अ'**

**कक्षा -IX**

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक :90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - **क, ख, ग, घ ।**

(2) **खंड क प्रश्न संज्या 3 मुक्त पाठ** पर आधारित है।

(3) **चारों** खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** हैं।

(4) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

**खण्ड-क ( अपठित बोध एवं मुक्त पाठ )**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए -** 5

प्रेम आसक्ति या मोह को भी प्रेरित करता है और वह मोह वास्तव में एक सुकून देने वाला भ्रम होता है, क्योंकि हर जुड़ाव एक दिन समाप्त होता है और वह खो देने की भावना को प्ररित करता है। यदि किसी वस्तु, जैसे किसी पेंटिंग या किसी दुर्लभ घड़ी के प्रति मोह है, तो वह हमारे भीतर एक भौतिक लालसा उत्पन्न करता है, फिर उस चीज पर गर्व और आखिर में चिंता कि यदि वह खोज जाए या समय के साथ खराब हो जाए, तो क्या होगा। आप जिन संग्रहकर्ताओं के बारे में पढ़ते हैं, वे अधिकतर ऐसे लोग होते हैं जो खुश से अधिक चिंताग्रस्त होते हैं।

तो, ऐसी वस्तुओं को प्राप्त करने का क्या मतलब है ? यही वजह है कि सभी महान ऋषियों ने आध्यात्मिकता के मार्ग पर विरक्त जीवन की सलाह दी है।

(i) 'आसक्ति' का अर्थ है -

(क) किसी वस्तु के प्रति चाह

(ख) किसी वस्तु के प्रति उदासीनता

(ग) किसी बात के प्रति वैराग्य

(घ) किसी वस्तु पर गर्व

(ii) महान ऋषियों ने सलाह दी है -

(क) संसार की नश्वरता को पहचानने की।

(ख) नश्वर वस्तुओं का संग्रह करने की।

(ग) आध्यात्मिक मार्ग पर चलने की।

(घ) वस्तु के प्रति विरक्त रहने की।

(iii) 'चिंताग्रस्त' समास का भेद एवं विग्रह होगा -

(क) चिंता से ग्रस्त-अपादान तत्पुरुष

(ख) चिंता में ग्रस्त-द्वंद्व

(ग) चिंता के लिए ग्रस्त-संप्रदान तत्पुरुष

(घ) चिंता से ग्रस्त-करण तत्पुरुष

(iv) 'विरक्त' का विलोम होगा, -

(क) सशक्त (ख) आरक्त

(ग) आसक्त (घ) विभक्त

(v) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है -

(क) प्रेम की महत्ता

(ख) एक सलाह

(ग) मोह की हानि

(घ) आध्यात्मिकता

2 **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों से चुनकर लिखिए।** 5

नव तमाल श्यामल नीरद माला भली
श्रावण की राका रजनी में घिर चुकी।
अब उसके कुछ बचे अंश आकाश में
भूले भटके पथिक सदृश हैं घूमते।।

अर्ध रात्रि में खिली हुई थी मालती,
उस पर से जो विछल पड़ा था, वह चपल,
मलयानिल भी अस्त-व्यस्त है घूमता
उसे स्थान ही कहीं ठहरने को नहीं।

मुक्त व्योम में उड़ते-उड़ते डाल से,
कातर अलस पपीहा की वह ध्वनि कभी।
निकल-निकल कर भूल या कि अनजान में,
लगती है खोजने किसी को प्रेम से।

क्लान्त तारकगण की मद्यप-मण्डली,
नेत्र निमीलन करती है फिर खोलती।
रिक्त चषक सा चन्द्र लुढ़ककर है गिरा,
रजनी के आपानक का अब अंत है।।

रजनी के रंजक उपकरण बिखर गये,
घूँघट खोल उषा ने झाँका और फिर-
अरुण अपांगों से देखा, कुछ हंस पड़ी
लगी टहलने प्राची प्रांगण में तभी।।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (i) श्रावण की रात्रि में कौन घिरा है?<br>(क) राका रजनी (ख) आकाश के अंश (ग) भूले भटके पथिक (घ) नीरद माला<br><br>(ii) पपीहे के मन में क्या इच्छा है?<br>(क) मुक्त गगन में उड़ने की (ख) संग झूमने की<br>(ग) किसी साथी की (घ) वसंत ऋतु की<br>(iii) चन्द्रमा की तुलना की गई है :<br>(क) रजनी से (ख) तारकगण से<br>(ग) रूपवती स्त्री से (घ) खाली गिलास से<br>(iv) आँखों को बंद करती है, खोलती है :<br>(क) रात्रि (ख) उषा<br>(ग) प्राची (घ) तारागण की मद्यप-मण्डली<br>(v) ''घूँघट खोल उषा ने झांका'' में अलंकार है :<br>(क) उपमा (ख) उत्प्रेक्षा<br>(ग) मानवीकरण (घ) रूपक | |
| | **( मुक्त पाठ)**<br>**(*कृपया सुनिश्चित करें कि इस विषय का मुक्त पाठ इस प्रश्न पत्र के साथ उपलब्ध है)**<br>**विषय- महिला सशक्तिकरण** | |
| 3(a) | लैंगिक असमानता की सामाजिक तस्वीर कब और कैसे बदली जा सकती है ? | 5 |
| 3(b) | महिला-सशक्तिकरण के लिए कवि और लेखकों का क्या प्रयास रहा है ? क्या आधुनिक कवि ,लेखक और मीडिया भी महिला उत्थान में अपनी भूमिका निभा रहे हैं या निभा सकते हैं ? अपने विचार लिखिए। | 5 |
| | **खण्ड-ख ( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| 4 | (i) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -<br>(क) 'अकारण' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग एवं मूल शब्द लिखिए।<br>(ख) 'अध' उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाइए।<br>(ग) 'खर्चीला' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय एवं मूल शब्द लिखिए।<br>(घ) 'इया' प्रत्यय लगाकर एक शब्द बनाइए।<br>(ii) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए -<br>(क) बेमतलब (ख) गणपति (ग) कमलनयन | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | (i) अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों की पहचान करके उनके भेद लिखिए।<br>(क) अरे वाह! घर है या स्वर्ग!<br>(ख) छह ऋतुएं बारी-बारी से आती हैं।<br>(ii) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।<br>(क) कल विद्यालय बंद रहेगा। (निषेधात्मक)<br>(ख) पिताजी के कहने पर पुत्र रुक जाता। (संकेतवाचक) | 4 |
| 6 | निम्नलिखित पद्यांशों में प्रयुक्त अलंकारों की पहचान कर उनके नाम लिखिए।<br>(क) बरसत बारिद बूँद गहि, चाहत चढ़न अकास।<br>(ख) मानो बहते निर्झर की ध्वनि प्रतिध्वनि हुई।<br>(ग) वह दीप-शिखा-सी शांत भाव से लीन।<br>(घ) जीवन-तरु की महिमा न्यारी। | 4 |
| | **खण्ड-ग ( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| 7 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - ( (2+2+1)**<br>एक दिन उन्होंने कहा- 'महादेवी, तुम कविता लिखती हो ?' तो मैंने डर के मारे कहा- 'नहीं।' अंत में उन्होंने मेरी डेस्क की किताबों की तलाशी ली और बहुत-सा निकल पड़ा उसमें से। तब जैसे किसी अपराधी को पकड़ते हैं, ऐसा उन्होंने एक हाथ से कागज लिए और एक हाथ में मुझको पकड़ा और पूरे होस्टल में दिखा आईं कि ये कविता लिखती है। फिर हम दोनों की मित्रता हो गई। क्रास्थवेट में एक पेड़ की डाल नीची थी। उस डाल पर हम लोग बैठ जाते थे।<br>(1) महादेवी को अपराध-बोध क्यों हुआ ?<br>(2) किनकी मित्रता की बात है? उन पर क्या प्रभाव पड़ा था ?<br>(3) 'बहुत-सा निकल पड़ा' कथन का क्या आशय है ? | 5 |
| | **निज़लिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए-** | |
| 8 | लेखिका महादेवी जी को क्रास्थवेट गर्ल्स कॉलेज के वातावरण की कौन-सी बात अच्छी लगी थी? | 2 |
| | मैना की कक्षा से सज़्बन्धित समाचार पत्र एवं उसके सज़्पादक का क्या नाम था? लिखिए। | 2 |
| | गुरुदेव ने कुत्ते के विषय में क्या लिखा और वह आलेख कहाँ प्रकाशित हुआ था ? | 2 |
| | 'प्रेमचंद के फटे-जूते' पाठ में वर्णित प्रेमचंद जी की वेशभूषा का वर्णन कीजिए। | 2 |
| | लेखक ने प्रेमचंद की फोटो को देखकर उसे ट्रेजडी क्यों कहा है? पठित पाठ के आधार पर लिखिए। | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**<br>और सरसों की न पूछो-<br>हो गई सबसे सयानी,<br>हाथ पीले कर लिए हैं<br>ब्याह-मंडप में पधारी<br>फाग गाता मास फागुन<br>आ गया है आज जैसे।<br>देखता हूँ मै : स्वयंवर हो रहा है,<br>प्रकृति का अनुराग-अंचल हिल रहा है<br>इस विजन में,<br>दूर व्यापारिक नगर से<br>प्रेम की प्रिय भूमि उपजाऊ अधिक है।<br>(1) स्वंयवर होने की कल्पना क्यों की गई है ?<br>(2) विजन भूमि की दो विशेषताएं लिखिए।<br>(3) मानवीकरण अलंकार के दो उदाहरण लिखिए। | 5 |
| | **निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए-** | |
| 10 | कवि की पीड़ा को हम कब अपने अंदर महसूस करते हैं एवं क्यों? 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' के आधार पर लिखिए। | 2 |
| | 'यमराज की दिशा' में कवि को यह अनुभव क्यों हुआ था कि उसकी माँ की ईश्वर से बातचीत होती रहती है ? | 2 |
| | ''मेघ आए'' कविता में आँधी किसका प्रतीक है और वह किस तरह दौड़ने लगी? | 2 |
| | 'चन्द्रगहना से लौटती बेर' कविता में वर्णित अलसी के मनोभावों का वर्णन कीजिए। | 2 |
| | 'राजेश जोशी ने बालश्रम की समस्या को उठा कर शिक्षित समाज को सचेत करने का सार्थक प्रयास किया है?' आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं? पठित पद्य के आलोक में लिखिए। | 2 |
| 11 | लड़के वालों के सामने लड़की के पिता द्वारा स्वयं को उनका सेवक कह डालना कहाँ तक उचित है? इस प्रकार की हीनता बोध की प्रवृत्तियाँ के बदलाव के लिए समाज में कैसी जागरूकता की आवश्यकता है ? 'रीढ़ की हड्डी' के आधार पर लिखिए। | 5 |
| | **खण्ड-घ ( लेखन )** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए-** | | |
| 12 | **सत्यवादिता चरित्र की नींव है :**<br>● भूमिका<br>● सत्य का अर्थ<br>● सत्य का मार्ग अत्यंत कठिन<br>● इतिहास से सत्यवादी लोगों के उदाहरण<br>● उपसंहार | 10 |
| | **अथवा** | |
| | **शुद्ध पर्यावरण, प्रबुद्ध आचरण :**<br>(1) भूमिका<br>(2) शुद्ध पर्यावरण के लाभ<br>(3) प्रदूषण के कारण<br>(4) प्रकृति-संरक्षण<br>(5) उपसंहार | 10 |
| | **अथवा** | |
| | **योग भगाए रोग :**<br>(1) भूमिका<br>(2) योग के प्रकार : शारीरिक व मानसिक<br>(3) योग से लाभ<br>(4) जीवन के लिए लाभकारी<br>(5) उपसंहार | 10 |
| 13 | आपकी छोटी बहन बहुत कमजोर है। वह फास्ट फूड बहुत खाती है। अपनी छोटी बहन को एक पत्र लिखिए जिसमें फास्ट फूड न खाने की सलाह देते हुए संतुलित और स्वास्थ्यवर्धक भोजन खाने तथा व्यायाम करने की सलाह दीजिए। | 5 |
| 14 | हाउसिंग बोर्ड सोसाइटी, बसंत कुंज नई दिल्ली में साक्षरता अभियान चलाया गया। समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु इसका प्रतिवेदन तैयार कीजिए। | 5 |
| | -o0o0o0o- | |